Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding fixing MSP of Kinnu and Carrot-laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मैं केंद्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जिला श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ में होने वाली किन्नू व गाजर की रिकॉर्ड पैदावार की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। पूरे भारत में सबसे ज्यादा किन्नू की पैदावार अकेले श्रीगंगानगर में ही होती है, जो कि लगभग 11 हजार हेक्टेयर भूमि में 3 लाख 70 हजार मीट्रिक टन है और वहीं गाजर की पैदावार लगभग 915 हेक्टयेर भूमि में 27 हजार 450 मीट्रिक टन है।

यहाँ से बड़ी मात्रा में देश व दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में किन्नू व गाजर का निर्यात होता है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में पैदावार व निर्यात होने पर भी यहाँ के किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता है। इस बार इस क्षेत्र में किन्नू की रिकॉर्ड पैदावार हुई है और कोरोना काल व किसान आन्दोलन के चलते यहाँ से किन्नू का निर्यात नहीं होने के कारण बड़ी मात्रा में किन्नू उत्पादक किसानों की फसल बर्बाद हो गई है, जिस कारण स्थानीय किसानों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्यादातर किन्नू का निर्यात ट्रकों द्वारा किया जाता है, जिसमें समय ज्यादा लगने के कारण किन्नू की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है।

अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों को राहत प्रदान करते हुए किन्नू व गाजर की फसल पर MSP तय करके यहाँ पर एक किन्नू प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाए और साथ ही रेल विभाग से भी अनुरोध है कि किन्नू को समय पर देश-विदेश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने हेतु रेल द्वारा ढुलाई की व्यवस्था की जाए।